पटना, गुरुवार 17 जुलाई 2025

सन्मार्ग

Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

# खुसरूपुर में ठनका गिरने से दो लोगों की हुई मौत, एक जख्मी

**खुसरूपुर/संवाददाता।** बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से प्रखंड के अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गये। इस दौरान टाल में एक गाय की भी मौत हो गयी। घटना में मृतकों की पहचान प्रखंड के सूकरबेगचक के जयप्रकाश सिंह (45 साल) और पैगम्बरपुर के कौशल कुमार के रूप में हुई है। घायल की पहचान पैगम्मरपुर के योगेंद्र यादव के रूप में हुई है। ये सभी खेत में काम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर हादसे की शिकार हो गए। मौसीमपुर पंचायत के बड़ा हसनपुर निवासी अमीरचंद प्रसाद की गाय टाल में चरने के दौरान आकाशीय



बिजली की चपेट में आने से दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतकों की घरों में कोहराम मच गया।

## धनरोपनी कर रही एक महिला की ठनका गिरने से मौत, दूसरी घायल

**हाजीपुर/लालगंज/संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के पीरापुर गांव में धान रोपनी के दौरान ठनका गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा बुधवार दोपहर के समय उस वक्त हुआ जब महिला खेत में धान की रोपाई कर रही थीं और झमाझम बारिस हो रही थी। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार पीरापुर निवासी प्रमोद राम की 50 वर्षीय पत्नी इंदू देवी की ठनका के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पास में ही काम कर रही जगभुवन राम की पत्नी मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने दोनों को आनन-फानन में लालगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने इंदू देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल मीना देवी का प्राथमिक उपचार किया गया। मीना देवी बताई कि जब ठनका गिरा तो उसके साथ खेत में काम कर रही इंदु देवी की मौके पर मौत हो गई तथा मीना देवी के पैर में करंट जैसा लगा जिसके बाद से पैर काम करना बंद कर दिया।

## बेटे के बचाव में उतरी मेयर सीता साहू, कहा वे निर्दोष हैं, आयुक्त खुद भ्रष्टचार में लिप्त

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** पटना मेयर सीता साहू के बेटे शिशिर के खिलाफ सर्च वारंट जारी है। कमिश्नर और पटना मेयर की लड़ाई से पार्षद दो गुटों में बंटे हैं, जिसे लेकर माहौल गरम है। बुधवार को मेयर सीता साहू ने पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ मौर्या लोक में अपने गुट के पार्षदों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेयर ने कहा कि जो कमिश्नर मेरे बेटा को अपराधी बता रहे है, वो खुद भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। सीता साहू ने कहा कि 'पिछले दो महीने से स्थिति खराब हुई है। कोई काम नहीं हो पा रहा है। मेरा बेटा बिल्कुल निर्दोष है। कमिश्नर भी प्राइवेट बॉडी गार्ड लेकर चलते हैं। मेरा बेटा भी प्राइवेट बॉडी गार्ड रखता है, इसमें क्या गलत है। अब हम लोग कमिश्नर के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खोल रहे हैं, तो तिलमिला गए हैं। बेवजह मेरे बेटे को परेशान किया जा रहा है।' बिना सर्च वारंट लिए, पुलिस मेरे घर पहुंची थी। कमरे की तलाशी ली गई। बेटे के ससुराल तक पहुंच गई। 'मेरा बेटा वहां से निकल गया। पुलिस वालों ने मुझे फोन पर बताया है। मेरे बेटे को गिरफ्तार करने के लिए प्रेशर दिया जा रहा है। मैं जानना चाहती हूं कि आखिर ये कौन लोग हैं।' सीता साहू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर के न्याय की गुहार लगाई हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। बेटे पर साजिशन झूठा आरोप लगाया जा रहा है। वहीं विरोधी गुट के पार्षद विनय कुमार ने सीता साहू के प्रदर्शन को बताया नौटंकी। उन्होंने कहा कि, आखिर पार्षदों की बैठक में मेयर का बेटा शिशिर किस हैसियत से बैठा था, पहले उन्हें स्पष्ट करना चाहिए।

## 17 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खुसरूपुर/सवाददाता।** पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर चले विशेष समकालीन अभियान के तहत खुसरूपुर पुलिस ने कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य रूप से डकैती के दो, हत्या के प्रयास, आजमानतीय वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की के श्रेणी के अभियुक्त शामिल हैं। अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष मंजीत कुमार ठाकुर ने किया। विशेष समकालीन अभियान में तहत प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्र से कई कांड में जुड़े व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के नाम से न्यायालय के द्वारा वारंट एवं कुर्की जारी की गयी थी। थाना अध्यक्ष मंजीत कुमार ठाकुर ने एक टीम बनाकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## नेपाल में इंडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप में फुलवारी की मानवी को मिला गोल्ड

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** मानवी ने नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित इंडो इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाकर अपना मोहल्ला नया टोला फुलवारीशरीफ का ही नहीं बल्कि भारत वर्ष का नाम रौशन किया है। मानवी पटना के संत जोसेफ कान्वेंट हाई स्कूल बांकीपुर की छात्रा है। इस बहुप्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल पांच देशों क्रमशः भारत, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत से सोनू का दल सभी को पछाड़ते हुए भारत को गोल्ड मेडल ही नहीं दिलवाया बल्कि दर्शकों से खूब तालियां भी बटोरी।

## तीन दिनों से कारीगर रहस्यमय ढंग से लापता

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के इसोपुर अधपा मोहल्ला निवासी लल्लू मिस्त्री का 25 वर्षीय पुत्र मो. एहसान बीते 12 जुलाई से रहस्यमय ढंग से लापता है। एहसान सोफा और दीवान की पॉलिशिंग का कारीगर है। परिजनों के अनुसार वह सुबह 5 बजे बाल कटवाने की बात कहकर निकला था, लेकिन अब तक घर नहीं लौटा है। उसने चेक शर्ट और ब्लू पैंट पहन रखा था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने हर संभावित जगह तलाश की, रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कहीं से कोई खबर नहीं मिली। तीन दिनों से बेटे की कोई खबर नहीं है।

## टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में मना सावन महोत्सव

**पटना/संवाददाता।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों की माताओं के द्वारा सावन महोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। सावन के प्राकृतिक हरे-भरे रंगों से सजे भारतीय परिधानों में सजीं महिलाएं भारतीय संस्कृति एवं प्रकृति की सुंदर प्रतीक के रूप में सभी को आकर्षित कर रही थीं। विद्यालय की प्राचार्या शिवानी भार्गव के मार्गदर्शन में माताओं के लिए विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# डीएम ने दिया भूमिहीन लाभुकों को बंदोबस्ती पर्चा

### अभियान बसेरा-2 के तहत जिले के 1000 लाभुक हुए लाभान्वित

**पटना/संवाददाता।** डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में अभियान बसेरा-2 एवं डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत फुलवारीशरीफ, दानापुर एवं सम्पतचक के लाभुकों के बीच सरकारी वास भूमि बंदोबस्ती-पर्चा का वितरण किया गया। इसके अंतर्गत डीएम ने फुलवारीशरीफ के 81, दानापुर के 150 तथा सम्पतचक के 5 लाभुकों को बंदोबस्ती पर्चा हस्तगत कराया। इसके अतिरिक्त सभी अंचलों में भी इस अभियान के तहत सरकारी भूमि पर आवासित सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को पर्चा वितरित किया गया। दुल्हिनबाजार में 200 लाभुकों, पालीगंज में 131, मनेर में 72, धनरूआ में 75, पुनपुन में 60, मसौढ़ी में 50, घोसवरी में 37, अथमलगोला में 24, विक्रम में 24, नौबतपुर में 20, खुशरूपुर में 17, बाढ़ में 16, फतुहा में 15, बख्तियारपुर में 10, मोकामा में 9 एवं दनियावां में 4 लाभुकों को बन्दोबस्ती पर्चा संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा



दिया गया। बताते चलें कि जिले के सभी 19 अंचलों में डीएम के निर्देश के आलोक में कुल 1000 पर्चा का वितरण लाभुकों के बीच किया गया, जिसमें 81 अति पिछड़ा वर्ग एवं 919 अनुसूचित जाति के लाभुक हैं। यह पर्चा वास भूमि के लिए दिया गया है। इसमें से अधिकांश लाभुक जिस सरकारी भूमि पर घर बनाकर रह रहे थे उसी जमीन की बन्दोबस्ती कर उन्हें परवाना दिया गया है।

कुछ लाभुक ऐसे भी हैं जिन्हें नई जमीन बन्दोबस्त कर दी गयी है।

## खेमका मर्डर मामले में गांधी मैदान के थानाध्यक्ष सस्पेंड

### एसएसपी की अनुशंसा पर आईजी ने निलंबित किया

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। गांधी मैदान थानाध्यक्ष पर गाज गिर गयी है। खेमका मर्डर केस में लापरवाही बरतने के आरोप में गांधी मैदान थानाध्यक्ष निलंबित कर दिए गए हैं। पटना के एसएसपी की अनुशंसा पर आईजी जीतेन्द्र राणा ने थानाध्यक्ष राजेश कुमार को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल राजेश कुमार विधि व्यवस्था संधारण में लगातार असफल हो रहे थे। इसके बाद पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक ने निलंबन की सिफारिश कर दी। गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में भी लापरवाही पाई गई थी। बता दें की बीते 4 जुलाई को गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## श्रावणी मेला पर और 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**पटना/संवाददाता।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि गाड़ी सं. 03602 डीडीयू-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल 20 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रत्येक रविवार को डीडीयू से 19.30 बजे खुलकर सभी स्टेशनों एवं हाल्टों पर रूकते हुए अगले दिन 13 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 03601 मधुपुर-डीडीयू श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को मधुपुर से 13.30 बजे खुलकर सभी स्टेशनों एवं हाल्टों पर रूकते हुए अगले दिन 06.15 बजे डीडीयू पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-**2025/09** दिनांक- **16.07.2025**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/07 दिनांक- 02.07.2025 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2025 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के I.T.I. Trade की 25% जिला बंधेज मुक्त सीटों एवं 75% जिलावार सीटों पर सीट आवंटन के लिए Online Counselling हेतु ITICAT-2025 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों/ सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(ITICAT)-2025/08 दिनांक 17.07.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। कॉउन्सेलिंग के लिए Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 18.07.2025 से प्रारम्भ होगा।**

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ट्रेड का Choice of Preference of I.T.I. / Trade भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी First Round में Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**

## बिहार जूनियर स्टार नाइट रेड कॉर्पेट शो आयोजित

**पटना/संवाददाता।** प्रतिष्ठित ईको हॉल में पहली बार बच्चों के लिए रेड कार्पेट थीम पर आधारित भव्य और ऐतिहासिक बिहार जूनियर स्टार नाइट रेड कार्पेट शो आयोजित हुआ, जिसमें बिहार जूनियर फैशन शो सीजन 4 के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यहां बच्चे सिर्फ चलना या पहनना नहीं सीखते बल्कि कैमरे को फेस करना, सवालों के जवाब देना और खुद में भरोसा पैदा करना भी सीखते हैं। शो के संस्थापक और निदेशक पंकज कुमार तिवारी का उद्देश्य है कि बिहार के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के मंच और एक्सपोजर मिल सके।

## पीपीयू के कुलपति ने कुलाधिपति से की शिष्टाचार मुलाकत

**पटना/संवाददाता।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार को कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां से शिष्टाचार मुलाकत की। नवनियुक्त कुलपति को कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही, नियमानुसार कार्यों को संपादित करने की सलाह दी। कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने भरोसा दिलाया कि पूरी ईमानदारी के साथ विश्वविद्यालय को एक नयी पहचान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। विश्वविद्यालय में एकेडमिक माहौल के साथ शोध कार्यों में एक अलग पहचान बनाने का प्रयास होगा। छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

## आर. दुरैस्वामि ने एलआईसी के सीईओ व एमडी का कार्यभार संभाला



**पटना/संवाददाता।** वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार आर. दुरैस्वामि को भारतीय जीवन बीमा निगम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी एलआईसी ने दी।

## एनएमसी की प्राचार्य डॉप्रो उषा आर्यभट्ट ज्ञान विवि की बनीं डीन

**पटना सिटी/संवाददाता।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के कुलपति ने नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संकाय का डीन नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ निरंजन प्रसाद यादव के हस्ताक्षर से 15 जुलाई, 25 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कुलपति के आदेश से डॉ प्रो. उषा कुमारी को इस अधिसूचना की तिथि से दो साल की अवधि के लिए आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संकाय का डीन नियुक्त किया जाता है। विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं परिनियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आप कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। इस नियुक्ति की सूचना स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग उच्च शिक्षा के निदेशक, कुलपति के निजी सहायक, कुलसचिव कार्यालय आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय को भी दी गई है।

## बिजली के तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**बिहटा/संवाददाता।** बिहटा आइआईटी थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव मे खेत मे कार्य कर लौट रहें किसान की बिजली की तार के चपेट मे आने से मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दयालपुर निवासी स्व. रामवधेश राय के 40 वर्षीय पुत्र सुदीस यादव के रूप मे की जा रही हैं। बताया जाता है कि सुदीस यादव मंगलवार की शाम अपने खेत मे धान रोपनी का कार्य कर लौट रहे थे तभी खेत मे टूट कर गिरी हुई बिजली प्रवाहित तार की चपेट मे आ गया, जिसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

## क्राइम कंट्रोल को लेकर शूटर सेल का होगा गठन

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** प्रदेश में लगातार हो रही हत्या और अपराध की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने एक बड़ा फैसला लिया है। एडीजी कुंदन कृष्णन ने बताया कि राज्य में अपराधियों पर सख्ती से नजर रखने और कार्रवाई के लिए "शूटर सेल" का गठन किया जाएगा। इसके तहत सभी जिलों के कुख्यात शूटरों का एक विस्तृत डेटा तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह सेल न केवल पुराने अपराधियों पर नजर रखेगी, बल्कि नए शूटरों की पहचान कर उनके खिलाफ समय रहते कार्रवाई करेगी। पटना में हाल के दिनों में हुई हत्या की बढ़ती घटनाओं को लेकर एडीजी ने चिंता जताई।

## मेधावी छात्रों को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन किया सम्मानित




**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 13वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रविन्द्र भवन में आयोजित समारोह में बिहार के सीबीएसई, आईसीएसई एवं बिहार बोर्ड के 10 वीं एवं 12वीं कक्षाओं के चार हजार छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। सेंट माइकल हाई स्कूल के छात्र अभ्युदय आनंद एवं माउंट कार्मल हाई स्कूल पटना की छात्रा मनतशा ज़िया को एसोसिएशन की ओर से ग्यारह ग्यारह हजार रूपए की राशि, सर्टिफिकेट, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए समारोह के उद्घाटनकर्ता प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी श्रीकृष्णा अल्लावरू ने कहा कि छात्रों को उच्च सपने देखने चाहिए।

# 'हाउ टू क्रैक नीट' पर सेमिनार

**पटना/संवाददाता।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए गोल इंस्टीट्यूट द्वारा बुधवार को एएन कॉलेज, पटना के ऑडिटोरियम में 'हाउ टू क्रैक नीट' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित हुए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह रहे। अपने प्रेरणात्मक संबोधन में उन्होंने कहा कि अगर कोई छात्र पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ डिस्ट्रक्शन से दूर रहकर




पढ़ाई करता है, तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करना मुश्किल नहीं है। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने छात्रों को समय प्रबंधन, विषयों की सही योजना और प्रतियोगिता की वर्तमान प्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि सही रणनीति और स्मार्ट अप्रोच से छात्र कठिन से कठिन लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। अन्य वक्ताओं में शोध एवं विकास प्रमुख आनंद वत्स, शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह और नीट 2025 में चयनित गोल के होनहार छात्र आदित्य धनराज भी शामिल थे। इन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता में सफल होने के लिए विभिन्न ट्रिक्स और टेक्निक्स, स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली, कार्य संतुलन जैसे पहलुओं पर उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में गोल टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप रैंकर्स छात्रों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि गोल इंस्टीट्यूट न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में अग्रणी है, बल्कि छात्रों को मानसिक, भावनात्मक और रणनीतिक रूप से सशक्त बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

UJJIVAN SMALL FINANCE BANK

**उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक**

पंजीकृत कार्यालय: ग्रेप गार्डन, क्रमांक 27, तीसरा 'ए' क्रॉस, 18वां मेन, छठा ब्लॉक, कोरमंगला, बेंगलुरु-560095
शाखा कार्यालय: उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड 3352-सगुना मोड़ मकान क्रमांक 88, 33, भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल, महल-2, 1, वार्ड क्रमांक 13, 11, थाना क्रमांक 24, तौजी क्रमांक 5234, मौजा-मैनपुर शंकर, थाना, जिला-दानापुर, पिन-801503

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के अंतर्गत बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रावधान नियम 8(6) और 9 के साथ पठित। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी "जहाँ है जैसी है" और "जो है जैसी है जैसी है" के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि को आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋणी का नाम/ सह-ऋणी/ गारंटर | 132 13-2 की तिथि नोटिस और मांग राशि | कब्जे की तिथि | वर्तमान बकाया शेष 15-07-2025 तक | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय | आरक्षित मूल्य INR में | बयाना राशि जमा राशि (EMD) INR में (आरक्षित मूल्य का 10%) | ई-नीलामी की तिथि और समय | बोली जमा करने की अंतिम तिथि | ईएमडी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जानी है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33528 03000 00004 | 1. संतोष कुमार रामप्रित का पुत्र शर्मा<br>2. श्रीमान. श्री सुबोध कुमार रामप्रीत पुत्र स्व शर्मा<br>3. श्री सोनू कुमार इसलिए। रामप्रित ठाकुर<br>4. रामप्रीत शर्मा पुत्र राम स्वरूप शर्मा<br>5. ज्योति कुमारी करना। अरविंद ठाकुर | Rs. 14,74,093/- 27-09-2021 | 15-07-2024 | रु. 31,38,014.95 | 10:00 AM 25-07-2025 | रु. 14,00,000/- | रु. 1,40,000/- | 05-08-2025 9:30 AM | 04-08-2025 | ई एम डी जमा किया जाना है मांग ड्राफ्ट के माध्यम से उज्ज्वल जीवन लघु वित्त बैंक के पक्ष में तैयार किया गया |

**संपत्ति विवरण/अनुसूची:** मौजा - रानीपुर, थाना संख्या 19, खाता संख्या 649, खेसरा संख्या 3555, वार्ड संख्या 29/33, शीट संख्या 235, एम.एस.पी. 11, जिला - पटना, क्षेत्र - 5 धुरास।

**नियम एवं शर्तें:-**

ई-नीलामी "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जा रही है।

1. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और ज्ञान के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति से संबंधित दावों/अधिकारों/बकायों के बारे में स्वतंत्र रूप से पूछताछ करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही माना जाएगा। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति और विनिर्देशों का निरीक्षण करना और स्वयं को संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों का निरीक्षण इच्छुक बोलीदाताओं को प्रत्येक संपत्ति विवरण के समक्ष उल्लिखित स्थलों पर करने की अनुमति होगी।
3. इच्छुक बोलीदाता अपनी बोली ऊपर उल्लिखित नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।
4. ई-नीलामी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता - मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आयोजित की जाएगी। संपर्क व्यक्ति - श्री प्रभाकरन (मो. नं. 74182-81709)। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर संपत्तियों के विवरण के लिए https://www.bankeauctions.com या https://www.ujjivansfb.in/e-auctions पर जाएं और बोली में भाग लेने के लिए उन्हें पोर्टल https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और अपना यूजर-आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा। संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हेल्पलाइन नंबर - 7291918824,25,26, सहायता ईमेल आईडी:- support@bankeauctions.com, नीलामी पोर्टल - https://www.bankeauctions.com से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
5. संपत्ति उच्चतम बोली लगाने वाले/प्रस्तावित व्यक्ति को बेची जाएगी, बशर्ते कि सुरक्षित ऋणदाता, अर्थात उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, बोली स्वीकार कर ले। हालाँकि, यदि आवश्यक समझा जाए, तो अधोहस्ताक्षरी को परस्पर बोली लगाने की अनुमति देने का पूर्ण विवेकाधिकार है। प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव/निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार है।
6. सफल बोलीदाता की अग्रिम राशि (ईएमडी) आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रख ली जाएगी और असफल बोलीदाताओं की अग्रिम राशि वापस कर दी जाएगी। अग्रिम राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के भीतर, पहले से भुगतान की गई अग्रिम राशि को समायोजित करते हुए, बिक्री मूल्य का 25% और बिक्री मूल्य का शेष 75% बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित रूप में और पूरी तरह से उनके विवेक पर सहमत 3 महीने से अधिक की विस्तारित अवधि के भीतर जमा करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में, प्रस्ताव द्वारा पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति की पुनः नीलामी की जाएगी तथा चूककर्ता क्रेता का संपत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।
7. यह प्रकाशन "प्रमुख बल" खंड के अधीन है।
8. बोलीदाताओं के हित में अंतिम समय में बोली लगाने से बचना चाहिए क्योंकि न तो उज्जीवन लघु वित्त बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता/बिजली विफलता आदि) के लिए जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थितियों से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बिजली आपूर्ति बैक-अप आदि कर लें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

यह उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं/गारंटर/बंधककर्ताओं को बंधक संपत्तियों की बिक्री के लिए निर्धारित सार्वजनिक नीलामी के बारे में एक सूचना भी है।

**दिनांक: 17-07-2025**
**स्थान: पटना**

हस्तान्तरण/-
प्राधिकृत अधिकारी
उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक